लोक सभा अध्यक्ष ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन किया

...

नई दिल्ली; 5 सितंबर, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आज संसद भवन में उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने ट्वीट किया कि "आज के दिन हम भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हैं। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने शिक्षक से लेकर राजनेता तक की अपनी यात्रा में प्रत्येक क्षेत्र को अपने अतुलनीय योगदान से समृद्ध किया" ।